प्रेस नोट दिनांक 27.05.2026

थाना आंवला जनपद बरेली

थाना आंवला #bareillypolice द्वारा डेढ़ वर्षीय अपहृत बच्चे को सकुशल बरामद कर 02 अपहरणकर्ताओं को पुलिस मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार ।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 24.05.2026 को वादी श्री रमन पुत्र रविन्द्र निवासी डढ़रिया असगुना थाना उसैत जनपद बदायूं द्वारा थाना आंवला पर सूचना दी गयी कि वह मनौना धाम में सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। दिनांक 24.05.2026 समय लगभग 10:30 बजे उसके तीनों बच्चे खेलते हुए सड़क की ओर चले गये थे, जिनमें से दो बच्चे वापस आ गये जबकि उसका डेढ़ वर्षीय छोटा पुत्र लापता हो गया। सूचना के आधार पर थाना आंवला पर मु0अ0सं0 278/26 धारा 137(2) BNS बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली** के निर्देशन में बच्चे की सकुशल बरामदगी एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु SOG, सर्विलांस एवं थाना आंवला पुलिस की संयुक्त 05 टीमों का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक दक्षिणी, क्षेत्राधिकारी आंवला एवं प्रभारी निरीक्षक आंवला द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जांच के दौरान घटनास्थल एवं आसपास के CCTV फुटेज, डंप डाटा एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया, जिसके आधार पर 02 संदिग्ध व्यक्तियों की संलिप्तता प्रकाश में आयी।

सूचना एंव कार्यवाहीः-

दिनांक 26/27.05.2026 की रात्रि में पुलिस टीमों द्वारा संदिग्धों की गिरफ्तारी एवं बच्चे की बरामदगी हेतु सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अपहृत बच्चे को बेचने की नीयत से 02 बदमाश बाइक से फुलासी मार्ग से दिल्ली ले जाने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा ग्राम फुलासी तिराहे के पास चेकिंग प्रारम्भ की गयी। कुछ देर बाद एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति एक बच्चे के साथ आते दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास करने पर बाइक सवार भागने लगे, किन्तु बाइक फिसलने से दोनों गिर गये तथा बच्चा झाड़ियों में जा गिरा। पुलिस टीम द्वारा तत्काल बच्चे को सकुशल सुरक्षित कर लिया गया। इस दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी, जिसमें हेड कांस्टेबल कौमिश कुमार घायल हो गये। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायल अभियुक्तों एवं घायल पुलिसकर्मी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। बरामदगी/पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना आंवला पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्तों के अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरणः-

योगेश कन्नौजिया पुत्र दरबारी लाल नि0 धौवेला करीमनगर थाना गड़िया रंगीन, शाहजहांपुर उम्र 28 वर्ष-**घायल**

पवन चंदेल पुत्र ओमप्रकाश चंदेल नि0 मो0 असफाक नगर कस्बा व थाना जलालाबाद, शाहजहांपुर 25 वर्ष- **घायल**

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोगों का विवरण–

मु0अ0सं0 278/26 धारा 137(2) BNS थाना आंवला जनपद बरेली

मु0अ0स0 279/2026 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना आंवला जनपद बरेली

अभियुक्त योगेश कन्नौजिया का आपराधिक इतिहासः-

मु0अ0सं0 66/2022 धारा 420/467/468/471भादवि थाना सदर बाजार जिला शाहजहाँपुर

मु0अ0सं0 441/23 धारा 323/342354/354(ख)/506 भादवि व 67(A) आईटीएक्ट थाना कोतवाली, शाहजहाँपुर

बरामदगी का विवरण

अपहृत डेढ़ वर्षीय बच्चा सकुशल

02 अवैध तमंचे

02 खोखा कारतूस

02 जिंदा कारतूस .315 बोर

घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल

पूछताछ विवरणः-

पूछताछ में अभियुक्त योगेश कन्नौजिया द्वारा बताया गया कि वह पिछले चार वर्षों से एक निजी मेडिकल कॉलेज/अस्पताल में स्टाफ नर्स के रूप में कार्यरत है। इसी दौरान उसकी पहचान उत्तम सिंह नामक व्यक्ति से हुई, जिसने उसे निःसंतान दंपत्तियों को छोटे बच्चे उपलब्ध कराकर अवैध रूप से धन कमाने के बारे में बताया था। अधिक पैसे कमाने के लालच में अभियुक्त ने अपने साथी पवन चंदेल के साथ मिलकर छोटे बच्चे के अपहरण की योजना बनाई। अभियुक्तों द्वारा शाहजहांपुर एवं बरेली जनपद के मेलों एवं मंदिरों में बच्चों की तलाश की गयी। दिनांक 23.05.2026 को दोनों अभियुक्त मनौना धाम पहुंचे, जहां उन्होंने रेकी कर बच्चे को चिन्हित किया। अगले दिन दोनों अभियुक्त पुनः मौके पर पहुंचे और टॉफी, रुपये एवं खाने-पीने का लालच देकर बच्चे को अपने साथ ले गये तथा मोटरसाइकिल से फरार हो गये। अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे बच्चे को दिल्ली ले जाकर बेचने की फिराक में थे। अपहरण के दौरान मोटरसाइकिल फिसलने से अभियुक्तों एवं बच्चे को चोटें आयी थीं, जिसके बाद उन्होंने उपचार भी कराया था। पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दोनों अभियुक्तों को बच्चे सहित गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस टीम का विवरणः-

प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह सिंह थाना आंवला जनपद बरेली

एसओजी प्रभारी सुनील शर्मा जनपद बरेली मय एसओजी टीम

सर्विलांस प्रभारी संजय तोमर जनपद बरेली मय सर्विलांस टीम

उ0नि0 नरेन्द्र सिंह राघव थाना आंवला जनपद बरेली

उ0नि0 सोमपाल सिंह थाना आंवला जनपद बरेली

उ0नि0 नितिन शर्मा थाना आंवला जनपद बरेली

हे0कां0 रवि शंकर थाना आंवला जनपद बरेली

हे0कां0 सुमित कुमार थाना आंवला जनपद बरेली

हे0कां0 कौमिश कुमार थाना आंवला जनपद बरेली

हे0कां0 जफरुद्दीन थाना आंवला जनपद बरेली

कां0 सोनू कुमार थाना आंवला जनपद बरेली